
# चंद्रयान-3 लैंडिंग साइट का नाम स्टेटियो शिव शक्ति

[स्रोत: द हिंदू]

प्लैनेटरी सिस्टम नामकरण हेतु **अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ (IAU)** के कार्य समूह ने **चंद्रयान- 3 के विक्रम लैंडर** की लैंडिंग साइट के लिये **'स्टेटियो शिव शक्ति'** नाम को मंज़ूरी दे दी है।

- **'शिव शक्ति' का महत्त्व:**
  - इससे पहले **प्रधानमंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया कि चंद्रमा पर "शिव शक्ति" बिंदु हिमालय** से कन्याकुमारी तक फैले कनेक्शन का प्रतीक है।
  - **"शिव"** मानवता की भलाई के लिये दृढ़ संकल्प का प्रतीक है।
  - **"शक्ति"** इन संकल्पों को प्राप्त करने की शक्ति का प्रतिनिधित्व करती है।
- **अन्य प्रमुख स्थान:**
  - प्रधानमंत्री ने पहले **सितंबर 2019 में चंद्रयान -2 के लैंडर दुर्घटना** के स्थान को **"तिरंगा पॉइंट"** के रूप में नामित किया था।
  - **पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम** ने उस स्थान का नाम रखने का प्रस्ताव रखा जहाँ नवंबर 2008 में **चंद्रयान-1** चंद्रमा प्रभाव जाँच उतरा था, जिसका नाम **"जवाहर प्वाइंट"** रखा गया।




**और पढ़ें:** चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/statio-shiv-shakti-as-name-of-the-chandrayaan-3-landing-site